प्रादेशिक समाचार

20.05.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 9:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 22 मई को प्रस्तावित बीकानेर दौरे को लेकर सभी तैयारियां अंतिम चरण में–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा की।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–राम जल सेतु लिंक परियोजना से राज्य के अनेक जिलों में जल संकट का समाधान होगा।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया पोर्टल का शुभारंभ किया।
- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में बढोतरी–पिलानी और श्रीगंगानगर में पारा 46 डिग्री के पार।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 मई को प्रस्तावित बीकानेर यात्रा की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को तेज गर्मी के मद्देनजर आयोजन स्थल पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। उधर भाजपा प्रदेशअध्यक्ष मदन राठौड़ ने बीकानेर पहुंचकर देशनोक के पास पलाना में जनसभा स्थल का जायजा लिया। उनके साथ चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे। कल ही जोधपुर रेल मंडल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि देश के रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए चलाई जा रही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेरह सौ स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इनमें से 15 स्टेशन जोधपुर रेल मंडल में स्थित हैं। इनमें से एक महत्वपूर्ण स्टेशन देशनोक भी है। देशनोक स्टेशन में वास्तु में करणी माता मंदिर की झलक के साथ–साथ विभिन्न यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है।

000000

श्री त्रिपाठी ने बताया कि रेल्वे की ओर से प्रधानमंत्री की सभा के दौरान बडी संख्या में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को जोडने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए देशनोक, नोखा और आसपास के स्कूल–कॉलेजों और युवाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री देश में पुनर्विकसित 103 रेलवे स्टेशनों का देशनोक से वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं देशभर की कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अब तक राजस्थान में आठ स्टेशन तैयार हो चुके हैं। इन आधुनिक स्टेशनों में देशनोक, बूंदी, मांडलगढ, गोगामेडी, गोविंदगढ, मंडावर–महुआ रोड, फतेहपुर शेखावाटी और राजगढ शामिल हैं।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा में राम जल सेतु लिंक परियोजना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना से जुडे सभी निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। ताकि पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक उपयोग के लिए पानी की जल्द आपूर्ति की जा सके। श्री बिरला ने कहा कि इस परियोजना से कोटा–बून्दी सहित राज्य के अनेक जिलों में जल संकट का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि कोटा बैराज की दायीं और बायीं मुख्य नहरों और माइनरों को पक्का करने पर 2 हजार 300 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे, जिससे टेल तक पानी पहुँच सकेगा। साथ

ही  सांगोद, लाडपुरा, करवर और रामगंजमंडी जैसे क्षेत्र जो अब तक सिंचाई से वंचित थे, उन्हें भी इस परियोजना में शामिल किया गया है।

000000

लोकसभा अध्यक्ष ने कल ही स्वस्थ भारत की आशा संवाद कार्यक्रम में भी भाग लिया। गेल के सहयोग से आयोजित इस संवाद में उन्होंने कहा कि आशा सहयोगिनियां देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे मजबूत कडी है। देश के सुदुर गांवों तक स्वास्थ्य सेवायें पंहुचाने में इनकी अहम भूमिका है।

000000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि बजट घोषणाओं की सफल और समयबद्ध क्रियान्विति के लिए राज्य में सभी विभागों की ओर से विशेष प्रयास किये जा रहे है। कल मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने लापरवाही और पद का दुरुपयोग करने वाले कार्मिकों पर सख्त एक्शन लिया। इनमें ब्यावर जिले के रायपुर उपखंड अधिकारी गुलाब चंद वर्मा को निलम्बित और तहसीलदार पुष्पेंद्र पांचाल को तुरंत एपीओ करने के निर्देश दिए। साथ ही, बाड़मेर के रामसर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार जैन और तहसीलदार अशोक कुमार मेघवाल को भी एपीओ करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि राजकीय कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

000000

गृह मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में नए ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया–ओसीआई पोर्टल का शुभारंभ किया। नया पोर्टल मौजूदा पचास लाख से अधिक ओसीआई कार्डधारकों और नए उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर कार्यक्षमता, उन्नत सुरक्षा और अनुकूल अनुभव प्रदान करेगा। इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि ओवरसीज सिटीजन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से अपडेटेड यूजर इंटरफेस के साथ ये पोर्टल लॉन्च किया गया है।

000000

राज्य में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने और लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के उद्‌देश्य से विभिन्न आयोजन हो रहे है। इसी कड़ी में कल भरतपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत शामिल हुए। यात्रा में 500 फीट लम्बा तिरंगा सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वहीं जैसलमेर में आज शाम को तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। ये यात्रा विजयस्तंभ चौराहे से शुरू होकर गडीसर चौराहे तक पंहुचेगी। भीलवाडा में चित्रकूट धाम से तिरंगा यात्रा की शुरूआत होगी। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा इसे रवाना करेंगे। जयपुर में आज सिंदूर यात्रा निकाली जायेगी। सांसद मंजू शर्मा ने बताया कि ये यात्रा महिला सशक्तिकरण को समर्पित होगी। इसमें नारी शक्ति, संस्कृति और शौर्य का संगम देखने को मिलेगा। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी की ओर से आज जैसलमेर में जयहिंद यात्रा की सम कस्बे से शुरूआत की जायेगी।

000000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार कल पिलानी और श्रीगंगानगर में पारा 46 डिग्री सैल्सियस के पार रहा। कहीं–कहीं पर हीटवेव भी दर्ज हुई। हालांकि पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर कल बरसात भी हुई। बांसवाडा में तेज हवाओं के साथ कल रात बारिश के समाचार है। वहीं बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी कल शाम हल्की बारिश हुई। राजसमंद में भी दिनभर उमस के बाद शाम को आधे घंटे हल्की बरसात हुई। मौसम विभाग ने आज बीकानेर, उदयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं बरसात की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही अगले चार–पांच दिन जोधपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में लू का दौर जारी रहने के आशंका है।

000000

खेलो इंडिया बीच गेम्स का पहला संस्करण कल शाम दीव में घोघला बीच पर शुरू हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि केन्द्र सरकार भारत को वर्ष 2047 तक खेल महाशक्ति बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

000000

इन खेलों में तीस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के एक हजार तीन सौ पचास से अधिक खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले रहे है। खिलाड़ी फुटबॉल, वालीबॉल, कबड्डी, पेनकैक सिलाट और तैराकी प्रतियोगिताओं में छह पदकों के लिये मुकाबला करेंगे। मलखंब और रस्साकशी की प्रतियोगिताएं भी होंगी, लेकिन इनमें पदक नहीं दिये जाएंगे।

000000